डीजीपी को ज्ञापन सौंपते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल।



## आपातकालीन सेवा 108 को जमकर आ रहीं फर्जी काल्स

■कंपनी ने दर्ज करवाई एफआईआर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की आपातकालीन सेवा 108 के अधिकारी, कर्मचारी इन दिनों फर्जी कॉल के चलते काफी परेशान हैं। हालात यह हैं कि पहाड़ी जिलों से लेकर मैदानी जिलों तक गलत सूचनाओं के जरिए आपातकालीन सेवा 108 को खूब दौड़ाया जा रहा है। जिसके चलते आपातकालीन सेवा से जुड़ी कंपनी ने फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मन बना लिया है।

आपातकालीन सेवा 108 के पूर्व कर्मचारी इन दिनों आंदोलित हैं। इस बीच आपातकालीन सेवा 108 को चलाने वाली कंपनी कैंप की परेशानी फर्जी कॉल्स ने भी बढ़ा दी है। हालत यह है कि कई फर्जी कॉल्स के चक्कर में आपातकालीन सेवा की एंबुलेंस को बेवजह कई किलोमीटर तक दौड़ना पड़ रहा है। इसके बाद कंपनी ने इसे गंभीरता से लेते हुए फर्जी कॉल करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई का मन बनाया है। फिलहाल इसके तहत पिथौरागढ़ और पौड़ी जिले में कंपनी ने फर्जी कॉल करने वाले के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवा दी है। वहीं कंपनी का कहना है कि कुछ लोग कंपनी के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं और वे नहीं चाहते कि आपातकालीन सेवा 108 को बेहतरीन तरीके से चलाया जाए और इसीलिए वे इस तरह की हरकतें कर रहे हैं।

# केदारधाम में स्वास्थ्य सेवाएं देगी सिक्स सिग्मा की टीम

**तैयारी**

केदारधाम के विभिन्न पड़ावों में रहेगी टीम तैनात

24 घंटे ऑक्सीजन की सप्लाई, टीम में 30 डॉक्टरों समेत सौ वॉलंटियर्स देंगे सेवाएं

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रप्रयाग। भगवान शिव के परमधाम केदारनाथ मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को खुलेंगे। आदिदेव के दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को स्वस्थ रखने का जिम्मा इस बार भी सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस को सौंपा गया है। सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के मुख्य कार्याकारी अधिकारी डॉ प्रदीप भारद्वाज ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस की ओर से सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता मे आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के डॉयरेक्टर डॉ भारद्वाज ने बताया कि केदारधाम में मेडिकल सर्विस के लिए 20 बैड का स्थाई और पक्का अस्पताल बेस कैम्प तथा रूद्रा प्वाइंट पर भी बनाकर दिया है। बेस कैम्प और रूद्रा प्वाइंट में ही आपातकालीन रोगियों को गहन चिकित्सा कक्ष में रखने व 24 घंटे ऑक्सीजन की सप्लाई की भी व्यवस्था होगी और संस्था की ओर से इन्हीं परिसरों से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

नवनिर्मित सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल में मुख्य चिकित्सा कैम्प लगाया जायेगा, जिसमें यात्रियों को सभी चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। इसके अलावा मेडिकल टीम मद्महेश्वर व तुंगनाथ में भी स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि इस बार टीम में 30 डॉक्टरों समेत सौ वॉलंटियर्स अपनी सेवा देंगे।

केदारधाम में इस बार बाबा के भक्तों को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधा प्रदान की जायेंगी। डॉक्टरों की टीम हृदय रोग, हड्डी रोग, कान, नाक एवं गला रोग, शिशु रोग, मातृत्व एवं स्त्री रोग, छाती रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। सिक्स सिग्मा मेडिकल सर्विस की ओर से हृदय रोग से पीड़ित लोगों को आपातकालीन सेवाएं देने के लिए पॉकेट ईसीजी यंत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे रोगी को शीघ्र चिकित्सा प्रदान की जा सकें। डॉक्टरों की क्विक रेस्पॉन्स टीम को आपातकालीन संचार व्यवस्था से भी सुसज्जित किया जायेगा, जो कम से कम समय में पीड़ित के पास पहुंच सकें।



रिबन काटकर टीम को रवाना करते डीएम मंगेश घिल्ड़ियाल।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएमए में प्रशिक्षण के दौरान एक कैडेट की मौत

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान एक कैडेट की मौत हो गई। कैडेट अमुल रावल करनाल हरियाणा के रहने वाले हैं। अमुल जनवरी में आईएमए शामिल हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक छह अप्रैल की रात रुटीन नाइट नेविगेशन प्रशिक्षण के दौरान कैडेट अमुल रावल खाई में गिर गए। हादसे में कैडेट के सिर पर गंभीर चोट आई और उन्हें तत्काल चिकित्सा दी गई। जिसके बाद कैडेट को मेडिकल अफसर की देखरेख में देहरादून स्थित मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। यहां अमूल ने दम तोड़ दिया।

### लूट मामले में कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा को मिली जमानत

**संवाददाता** देहरादून। आईजी की कार में लूट के मामले में कांग्रेसी नेता अनुपम शर्मा को जमानत मिल गई है। यह मामला विगत चार अप्रैल को सामने आया था। मंगलवार को अनुपम शर्मा को जिला जज की अदालत से जमानत मिली। मामले में नामित दारोगा दिनेश नेगी समेत तीन पुलिस कर्मी अभी भी जेल में हैं। बीती तीन मई को अदालत में अनुपम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी। लूटकांड के सभी आरोपित 16 अप्रैल से जेल में बंद हैं।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवक की हत्या के मामले में डीजीपी से मिले

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी जिले के श्रीकोट गांव में अनुसूचित जाति वर्ग के युवक की हत्या के मामले को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा महानगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल व पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रवीन्द्र वाल्मीकि का कहना था कि आज जब अनुसूचित जाति, जनजाति समाज शिक्षित और उच्च शिक्षित होकर जात–पॉत की बेढ़ियों से मुक्त होने के लिए संघर्ष कर रहा है तो वहीं आज भी कुछ लोग समाज में भेदभाव का माहौल बनाकर आपसी वैमनस्य पैदा करने का षड़्यंत्र रच रहे हैं।

# किसान खेत और घर से ही दलालों को बेच रहे गेहूँ

**बैठक**

■ गेंहू के क्रय के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों साथ की समीक्षा

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी एस.ए मुरूगेशन की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में वर्तमान सीजन में गेंहू के क्रय (खरीद) के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा खाद्य विभाग (आरएफसी) और सहकारिता विभाग से वर्तमान तथा पिछले सीजन में गेंहॅू खरीद प्रगति पूछी गयी। इस पर दोनों विभागों के अधिकारियों ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 07 क्रय केन्द्र हैं, जिसमें से 04 खाद्य विभाग (आरएफसी) तथा 03 सहकारिता के हैं। गेहॅू खरीद प्रगति के बारे में अवगत कराया कि जनपद में पिछले और इस सीजन में गेंहू खरीद की प्रगति लगभग शून्य रही। केवल खाद्य विभाग के विकासनगर क्रय केन्द्र पर कुल 29 कुन्तल गेंहॅू का क्रय इस सीजन में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा गेहॅ क्रय की निम्नतम प्रगति का कारण पूछने पर विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि कई कारणों से किसान क्रय केन्द्रों तक अपना गेहॅू नही ला रहे हैं, जिसके तहत् किसानों को बाजार में क्रय केन्द्रों के मुकाबले अच्छा मूल्य मिलने से वे बाजार में बेच रहे हैं। कई किसान खेत/घर से ही दलालों को गेहॅू बेच रहे हैं। इसके अतिरिक्त परिवहन और आवागमन की परेशानी से बचने के कारण भी किसान क्रय केन्द्रों तक नही पंहुच रहे है।

जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान में किसानों को क्रय केन्द्र तक लाने के प्रयासों के बारे में पूछने पर सम्बन्धित अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने क्षेत्रवार क्रय केन्द्रो को टारगेट दे रखे हैं, जिसकी प्रगति बढाने के निर्देश दिये गये हैं।



वर्तमान गेहूं खरीद सीजन में अधिकारियों के साथ समीक्षा करते डीएम।

## सीआईएससीई की परीक्षा में सौम्या व वरदान रहे उत्तराखंड के टॉपर

**संवाददाता** देहरादून। सीआईएससीई ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा नतीजे जारी कर दिए। देहरादून में एन मैरी स्कूल की सौम्या कृष्णात्रेय दसवीं में उत्तराखंड टॉपर रहीं। वहीं, 12वीं में कार्मन स्कूल के छात्र वरदान ने उत्तराखंड टॉप किया। सौम्या और वरदान दोनों ही देशभर में तीसरे स्थान पर रहे। सौम्या ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं वरदान ने 99.50 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं 12वीं की छात्रा देवांशी गुप्ता ने 99.25, प्रकृति वशिष्ट ने 98.8, नंदिता गुप्ता ने 99.25 अंक हासिल किए। 10 वीं में प्रज्ञा रस्तोगी ने 98.2, गुंजन फरासी ने 98.6 व पाखी ने 97.4 अंक हासिल किए। देशभर में कक्षा 12वीं के दो टॉपरों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

## दून पुलिस चुनेगी स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर

**संवाददाता** देहरादून। छोटी उम्र में ही छात्रों में दोपहिया वाहन चलाने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिलता है, लेकिन उम्र कम होने की वजह से छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुये देहरादून पुलिस ने युवाओं के लिये स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के नाम से एक जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का मकसद ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना है। दून एसएसपी निवेदिता कुकरेती ने स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दून पुलिस उन स्टूडेंट्स को जागरुक करेगी जो 18 साल के हो गए हैं। उनको ड्राइविंग लाइसेंस का आवेदन करने के लिए जागरुक किया जाएगा।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।